दिन–शनिवार दिनांक– 18 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया बड़ा फैसला– तेजस्वी प्रसाद यादव अब संगठन से जुड़े सभी निर्णय लेने के लिए अधिकृत।

03. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार की जातीय जनगणना पर उठाया सवाल। कहा– उनकी पार्टी की सरकार बनी तो नए सिरे से कराई जायेगी जनगणना।

04. और, वक्फ संशोधन अधिनियम पर विमर्श के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति–जेपीसी पटना पहुंची। हितधार कों के साथ कर रही है विचार–विमर्श।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ अठारहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज संपत्ति स्वामियों को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से पैंसठ लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के पचास हजार से अधिक गांवों में संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं।

———बाईट———

बीते 5 साल में लगभग डेढ़ करोड़ लोगों को यह स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं। अब आज इस कार्यक्रम में 65 लाख से ज्यादा परिवारों को यह स्वामित्व कार्ड मिले है। यानी स्वामित्व योजना के तहत गांव के करीब सवा दो करोड़ लोगों को अपने घर का पक्का कानूनी डॉक्यूमेंट मिला है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना लागू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में दो करोड़ पच्चीस लाख से अधिक संपत्ति के दस्तावेज जारी किए जा चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि संपत्ति के उचित दस्तावेज न होना एक बड़ी समस्या है और इस कारण ही विवाद पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि संपत्ति के उचित प्रलेखन से बैंकों से ऋण मिल पाएगा और अवैध अतिक्रमण से संरक्षण मिलेगा।

———बाईट———

स्वामित्व योजना से गांव के विकास की प्लानिंग और उस पर अमल अब काफी बेहतर हो रहे हैं आज हमारे पास स्पष्ट नक्शे होंगे तो विकास के काम की प्लानिंग भी सटीक होगी अब प्रॉपर्टी राइट्स मिलने से ग्राम पंचायत की मुश्किलें भी दूर होगी।

———————————————————————————————————

राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने तेजस्वी यादव को पार्टी संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया है। पटना में आज लालू प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इससे संबंधित एक प्रस्ताव पारित किया गया। राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है उसे निष्ठापूर्वक निभाएगें।

———बाईट———

बैठक में दल के सांगठनिक चुनाव, आगामी बिहार विधानसभा चुनाव और इंडी गठबंधन के विभिन्न दलों के साथ संयोजन के मुद्दे पर विमर्श किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा कि कार्यकारिणी बैठक में कई अहम निर्णय लिये गए हैं।

———बाईट———

पार्टी की कार्यकारी की बैठक में वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, तेजस्वी प्रसाद यादव, तेज प्रताप यादव, अब्दुल बारी सिद्दिकी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। हालांकि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह बैठक में शामिल नहीं हुए।

———————————————————————————————————

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में कराये गए जातीय सर्वेक्षण को फर्जी बताया है। पटना के बापू सभागार में आज संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी की सरकार बनी तो नए सिरे से कराई जायेगी जनगणना। उन्होंने कहा इससे सभी वर्गों तक न्याय पहुंचेगा।

**———बाईट———**

श्री गांधी ने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वे इसके लिए प्रयास कर रहे है।

**———बाईट———**

इससे पहले श्री गांधी ने राजद नेता तेजस्वी यादव से एक स्थानीय होटल में मुलाकात की। इस दौरान राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने पटना के गर्दनीबाग स्थित धरना स्थल पर आंदोलनकारी बीपीएससी अभ्यर्थियों से भी मुलाकात की।

———————————————————————————

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन बीस और इक्कीस जनवरी को पटना में आयोजित किया जायेगा। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला इसका उदघाटन करेंगे। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद के सभापति भाग लेंगे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान समापन समारोह को संबोधित करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने बताया कि दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने में संसद और राज्य विधायी निकायों के योगदान' विषय पर चर्चा और संवाद होगा।

———बाईट———

विधानसभा अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि दो दिवसीय सम्मेलन से पहले देश के सभी विधानमंडलों के सचिवों की बैठक कल पटना में होगी।

———————————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने आज विधानसभा की पत्रिका विधान प्रबोधनी का विमोचन किया। विधानसभा अध्यक्ष कक्ष में आयोजित समारोह में कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————————

वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर विभिन्न हितधारकों से विमर्श के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति—जेपीसी ने पटना में वक्फ बोर्डों के प्रतिनिधियों और अन्य हितधाराकों के साथ विचार—विमर्श शुरू कर दिया है। समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि समिति वक्फ संपत्तियों, उनके प्रबंधन और विभिन्न अन्य मुद्दों के बारे में हितधारकों से चर्चा करेगी। श्री पाल ने बताया कि समिति संसद के आगामी बजट सत्र में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

———बाईट———

————————————————————————————————————

अब खबरे महाकुंभ की–

म्यूजिक

प्रयागराज के महाकुंभ नगर में श्रद्धालु और तीर्थयात्री अब आकाशवाणी के कुंभवाणी समाचार बुलेटिन को सार्वजनिक संबोधन प्रणाली से लाइव सुन सकते हैं। आज सुबह साढ़े आठ बजे कुंभवाणी समाचार बुलेटिन महाकुंभ नगर में सार्वजनिक संबोधन प्रणाली के माध्यम से प्रसारित किया गया। दस–दस मिनट का कुंभवाणी समाचार बुलेटिन सुबह साढे आठ बजे, दोपहर ढाई बजे और शाम साढे आठ बजे प्रसारित किया जा रहा है।

———बाईट———

इस पहल से श्रद्धालुओं और तीर्थ यात्रियों को मेले से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी कुंभवाणी बुलेटिन 103.5 मेगाहट्स फ्रीक्वेंसी न्यूज ओं ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी प्रसारित होते हैं कुछ लोगों ने आकाशवाणी समाचार के साथ अपने विचार भी साझा किए और इसे अच्छी पहल बताया। मेरा नाम योग राज झाला है मैं एमपी मध्य प्रदेश उज्जैन का निवासी हूं और जब मुझे यह पता चला की आकाशवाणी का कुंभवाणी समाचार का लोगों को सुनने का मौका मिलेगा तो यह बहुत ही अच्छा पहल है क्योंकि इससे लोगों को नई–नई जानकारियां मिलेगी। मेरा नाम तन्नू शर्मा है और मैं यहां प्रयागराज से ही हूं जब मुझे पता चला यहां कुंभवाणी समाचार प्रसारित होगा तो यह सुनकर मुझे बहुत अच्छा लगा और इससे श्रद्धालुओं को भी बहुत सारी जानकारी मिलेगी। महाकुंभ 2025 को समर्पित आकाशवाणी के कुंभवाणी चौनल का शुभारंभ इसी महीने की 10 तारीख को प्रयागराज में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। यह चौनल 26 फरवरी तक समाचार और अन्य कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा। आंनद कुमार आकाशवाणी समाचार प्रयागराज

म्यूजिक

————————————————————————————————————

राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में ठंड में बढ़ोतरी से जनजीवन प्रभावित हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। यहां का न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य भागों में घने कोहरे की स्थिति बनी हुई है। हालांकि सुबह से ही पटना और आस–पास के इलाकों में धूप खिली होने के कारण दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। जिससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

———बाईट———

---

भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि संविधान को बचाने की लड़ाई सभी को मिल कर लड़नी होगी। श्री भट्टाचार्य मुंगेर के टाउन हॉल में बदलों बिहार समागम को संबोधित कर रहे थे।

---

मधुबनी जिले में नेपाल सीमा के करीब जानकीनगर के लठौवा में एसएसबी की अड़तालीसवीं वाहिनी जयनगर इकाई की ओर से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

---

बक्सर जिले के राजपुर प्रखंड में दो सौ सैंतीस गांव के करीब दो सौ रैयतों को लंबे समय से लगान का भूगतान नहीं करने के कारण नोटिस जारी किया गया है।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया बड़ा फैसला– तेजस्वी प्रसाद यादव अब संगठन से जुड़े सभी निर्णय लेने के लिए अधिकृत।

03. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार की जातीय जनगणना पर उठाया सवाल। कहा– उनकी पार्टी की सरकार बनी तो नए सिरे से कराई जायेगी जनगणना।

04. और, वक्फ संशोधन अधिनियम पर विमर्श के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति–जेपीसी पटना पहुंची। हितधाराकों के साथ कर रही है विचार–विमर्श।

---

समाप्त